www.davvonline.com
davv ba question papers

PSYCHOLOGY-2013

Psycho Pathology

Time 3 Hours] [Max. Marks : Regular 85 / Private 100

नोट- खण्ड अ, ब तथा स सभी विद्यार्थियों - नियमित एवं प्रायवेट के लिए अनिवार्य है। प्रत्येक खण्ड में दिये गये निर्देशों का पालन करें। दोनों के लिये अंक विभाजन योजना प्रश्नपत्र में दर्शाये अनुसार होगी।

Section A, B and C are compulsory for both - Regular and Private students. Please follow the instructions, given in each section. Marks distribution for both students are as shown in question paper.

Section A : Objective [Regular 15 × 1 = 15/Private 15 × 1 = 15]

1. आरम्भिक वंचन या आघात भी असामान्यता का कारण होता है। सत्य/असत्य
2. मनोविश्लेषणात्मक विचारधारा फ्रायड द्वारा दी गई है। सत्य/असत्य
3. व्यंवहारवादी विचारधारा बन्डूरा द्वारा दी गई है। सत्य/असत्य
4. दुश्चिन्ता का मुख्य लक्षण भय एवं मुक्त प्रवाहित चिन्ता होना। सत्य/असत्य
5. मनोग्रस्तता के प्रारुप हैं :
   (अ) मनोग्रस्ति शाक (ब) मनोग्रस्ति चिन्तन
   (स) मनोग्रस्ति डर (द) सभी।
6. दुर्भीति सदैव भविष्य का चिन्तन है। सत्य/असत्य
7. उत्साह विषाद एक मनोविकृति नहीं है। सत्य/असत्य
8. आत्मविस्मृति के लक्षण हैं :
   (अ) विषादी (ब) रोगभ्रमी
   (स) उत्साही (द) इनमें से कोई नहीं।
9. बहुव्यक्तित्व के लक्षण जिसमें दो या अधिक व्यक्तित्व होते हैं। सत्य/असत्य
10. मनोविदलता की विशेषता है :
    (अ) दिवास्वप्न (ब) क्षुब्धता
    (स) विघटन (द) सभी।
11. मानसिक न्यूनता में बुद्धि लब्धि 70 से कम होती है। सत्य/असत्य
12. मदिरा सेवन का कारण :
    (अ) फैशन (ब) व्यक्तित्व कारक
    (स) तनाव (द) सभी।
13. उत्तरआघातीय तनाव के लक्षण हैं :
    (अ) अपराध भाव (ब) सुन्नता
    (स) विषाद (द) सभी।
14. व्यामोह में दण्डात्मक प्रकार प्रमुख होता है। सत्य/असत्य
15. समाज विरोधी व्यक्तित्व मानसिक रोग नहीं है। सत्य/असत्य

www.davvonline.com www.davvonline.com www.davvOnline.com www.davvonline.com www.davvOnline.com

Section B : Short Answer [Regular 5 × 4 = 20 / Private 5 × 5 = 25]

1. असामान्यता के जैविक कारकों का वर्णन कीजिए।

अथवा

सामान्य एवं असामान्य व्यवहार में अन्तर स्पष्ट कीजिए।

2. मनोरचनाओं को परिभाषित कीजिए।

अथवा

दुश्चिन्ता की प्रकृति के लक्षणों को स्पष्ट कीजिए।

3. मनोविच्छेदी विकृति को समझाइए।

अथवा

उत्साह विकृति के लक्षणों को समझाइए।

4. मनोविदलता के सामान्य लक्षणों का वर्णन कीजिए।

अथवा

मानसिक पिछड़ापन से आप क्या समझते हैं? इसके लक्षणों का वर्णन कीजिए।

5. तनाव (प्रतिबल) विकृति को स्पष्ट कीजिए।

अथवा

व्यक्तित्व विकृतियों को प्रकारों के आधार पर समझाइए।

Section C : Long Answer [Regular 5 × 10 = 50 / Private 5 × 12 = 60]

1. असामान्यता के समस्त कारकों को समझाइए।

अथवा

असामान्य व्यवहार की मनोवैज्ञानिक विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

2. दुर्भीति को परिभाषित कीजिए। इसके लक्षण एवं कारणों का वर्णन कीजिए।

अथवा

सामान्यीकृत दुश्चिन्ता से आप क्या समझते हैं? इनके लक्षणों का वर्णन कीजिए।

3. मनोकाय प्रारूप विकृतियों के प्रकार एवं लक्षणों का वर्णन कीजिए।

अथवा

बहुव्यक्तित्व एक मानसिक विकृति है। एक लेख लिखिए।

4. द्रव्य निर्भरता एवं मद्यपान पर एक निबन्ध लिखिए।

अथवा

मानसिक पिछड़ापन एक मनोविकृति है। इसके प्रकारों का वर्णन उदाहरण सहित कीजिए।

5. व्यामोही व्यक्तित्व से आप क्या समझते हैं? इसके लक्षणों का वर्णन कीजिए।

अथवा

उत्तर आघातीय तनाव विकृति के लक्षण व कारणों का वर्णन कीजिए।

www.davvonline.com
www.davvonline.com
www.davvOnline.com
www.davvOnline.com